# मारवाड़ी युवा मंच

एक मंच - एक लक्ष्य
सशक्त युवा - सशक्त राष्ट्र

## झरिया शाखा

सेवा में,
प्रधानाचार्य महोदय/महोदया
आर. एस. पी. कॉलेज,
झरिया

दिनांक : 10 सितंबर, 2025

विषय: "वॉकथॉन – स्वस्थ युवा, स्वच्छ पर्यावरण, सशक्त समाज" में सहभागिता हेतु आमंत्रण

महोदय/महोदया
सादर निवेदन है कि मारवाड़ी युवा मंच – झरिया शाखा एवं मारवाड़ी युवा मंच – झरिया समृद्धि शाखा के संयुक्त तत्वावधान में दिनांक 7 अक्टूबर, 2025 (रविवार) को "वॉकथॉन" का आयोजन किया जा रहा है।

इस कार्यक्रम का उद्देश्य युवाओं में स्वास्थ्य के प्रति जागरूकता, पर्यावरण संरक्षण का संदेश तथा समाज सेवा की भावना को प्रोत्साहित करना है।

कार्यक्रम का विवरण :
📍 प्रारंभ स्थल: श्री श्याम मंदिर, झरिया 🕗 समय: प्रातः 8:30 बजे

ड्रेस कोड: सभी प्रतिभागियों से विनम्र निवेदन है कि वे सफेद परिधान (White Dress) में ही सम्मिलित हों।

प्रतियोगिताएँ
1. Best Slogan / Placard Competition (विद्यार्थियों हेतु)
* स्वास्थ्य, स्वच्छता, अंग दान, नेत्र दान या समाज सेवा पर नारे लिखकर वॉकथॉन में भाग लें।
* पुरस्कार: प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय।

2. Fancy Dress / Theme Costume Walk (बच्चों हेतु)
* बच्चे डॉक्टर, किसान, पृथ्वी माता, फिटनेस हीरो, पेड़-पौधे आदि के रूप में भाग ले सकते हैं।
* पुरस्कार: प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय।

3. Photography / Selfie Contest
* वॉकथॉन के दौरान प्रेरक फोटो/सेल्फी लेकर कार्यक्रम संयोजक को भेजना अनिवार्य।
* पुरस्कार: प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय।

4. Green Champion Award
* सर्वश्रेष्ठ पर्यावरण/स्वास्थ्य संदेश देने वाले प्रतिभागी को विशेष सम्मान।

5. Most Energetic Walker
* पूरे जोश व उत्साह से वॉकथॉन पूर्ण करने वाले प्रतिभागी को विशेष सम्मान।

* विशेष घोषणा: सभी सहभागिता करने वाले संस्थान को "सहभागिता पुरस्कार" प्रदान किया जाएगा।

अतः आपसे सादर अनुरोध है कि आपके संस्थान के विद्यार्थी एवं शिक्षकगण इस जन-जागरूकता वॉकथॉन में बढ़-चढ़कर सहभागिता करें एवं इसे सफल बनाने में सहयोग प्रदान करें। सधन्यवाद,

डॉ. मनीष शर्मा
अध्यक्ष
मारवाड़ी युवा मंच- झरिया शाखा

श्रीमती जया अग्रवाल
अध्यक्ष
मारवाड़ी युवा मंच - झरिया समृद्धि शाखा